SIMTA SYDNEY INTERMODAL TERMINAL ALLIANCE



# Moorebank Logistics Park (Moorebank लॉजिस्टिक पार्क) का बदलता स्वरुप

2020 की पहली छमाही हमारी परियोजना में उपलब्धियों के लिए एक व्यस्त समय रही है।

हम अपने स्थल की पूर्वी सीमा पर दो नए 20,000 वर्ग मीटर की समाप्ति के चरण पर पहुँच गए हैं, जिन्हें CaesarStone (10,145 वर्ग मीटर) और ATS (12,501 वर्ग मीटर) ने अब किराए पर लिया हुआ है। तीसरे गोदाम का निर्माण-कार्य – जो करीब 40,000 वर्ग मीटर आकार का होगा – आयात-निर्यात रेल टर्मिनल के अलावा चालू है।

रेल टर्मिनल का संचालन कार्य बखूबी चल रहा है और हमारे उपभोक्ताओं तथा हमारे स्थल के मुख्य किराएदार Target Australia के लिए सफल सिद्ध हो रहा है।

पूरे Moorebank Avenue में, हमारी परियोजना टीम ने एक नए समेकित स्थल क्षेत्र में स्थानांतरण कर लिया है, जिससे हमारी परियोजना से सम्बन्धित यातायात प्रवाह सरल हो गए हैं और अस्थायी चौराहे (ट्रैफिक लाइटों और बूमगेट) का प्रयोग कम हुआ है ताकि हमारे स्थल पर यातायात का आना-जाना सुलभ और आसान हो सके।

Moorebank Avenue के कांट्रेक्टर BMD ने सड़क के तात्कालिक पश्चिम की ओर भूमि को तैयार करने में बढ़िया प्रगति की है ताकि उस समय एक अस्थायी मोड़ का प्रयोग किया जा सके जब सड़क को कुछ भागों में दो लेनों से चार लेनों में विस्तृत किया जाता है और इसे दो मीटर ऊपर उठाया जाता है, एक बिल्कुल नई निकास प्रणाली के साथ ताकि तूफान आने के बाद नियमित रुप से होने वाली बाढ़ को मिटाया जा सके।

## हमें संपर्क करें


और अधिक जानकारी के लिए

**www.simta.com.au**
कृपया हमारी वेबसाइट देखें

PO Box 1488
Bondi Junction NSW 2022

विशिष्ट सवालों के लिए, कृपया

**1800 986 465 पर फोन करें**

या simta@elton.com.au पर
लिखित सवाल या फीडबैक भेजें



SIMTA SYDNEY INTERMODAL TERMINAL ALLIANCE

Hindi
अगस्त 2020

सामुदायिक समाचार अपडेट

# Moorebank को "उत्कृष्ट" सुस्थिरता स्कोर दिया गया

Moorebank Logistics Park को Infrastructure Sustainability Council of Australia (ISCA) से "उत्कृष्ट" डिज़ाइन रेटिंग प्राप्त हुई है, जो सुस्थिरता और नवप्रवर्तनशील परिणामों के लिए सर्वोच्च उपलब्धि है।

ISCA रेटिंग स्कीम मूलभूत सुविधाओं से सम्बन्धित कार्यक्रमों, परियोजनाओं, नेटवर्कों और संपत्तियों में सुस्थिरता का आकलन करने के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यू ज़ीलैंड की एकमात्र व्यापक रेटिंग प्रणाली है। यह टूल (साधन) मूलभूत सुविधाओं के विकास की चौगुनी आधार-रेखा (प्रशासन, आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक) के सुस्थिरता प्रदर्शन का आकलन करता है।

MLP ऊर्जा दक्षता डिज़ाइन के माध्यम से 40 वर्षों से अधिक के संचालन कार्यों में बीस लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड समकक्षों (tCO2-e) से अधिक की बचत करेगा, इसमें इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट, कुशल लाइटिंग और क्रेन के प्रयोग से ऐसा करना शामिल है जिससे फिर से उत्पन्न बिजली को संग्रहित और प्रयोग किया जाता है।

ISCA रेटिंग ने सड़क की बजाए रेल के माध्यम से Port Botany से Moorebank तक डिब्बाबंद माल का परिवहन किए जाने से प्राप्त ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी की भी पहचान की है – जिससे सिडनी की सड़कों से प्रतिदिन हज़ारों भारी ट्रकों की यात्रा की बचत तथा वार्षिक तौर पर आगे और 110,000 tCO2-e की कटौती हुई है।

Clean Energy Finance Corporation (CEFC) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी Ian Learmonth ने Qube को इस उपब्धि पर बधाई दी है। MLP पहली परिवहन मूलभूत सुविधा परियोजना थी जिसने $150 मिलियन ऋण की सुविधा से CEFC का समर्थन जीता था।

"हमें Qube के साथ काम करने पर गर्व है। हमारा लक्ष्य Moorebank Logistics Park का निर्माण एक ऐसे सुस्थिर मानक पर करने में मदद देना था जिसे ऑस्ट्रेलिया में पहले नहीं देखा गया था, इसलिए हमने महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए – और फिर Qube को इससे भी आगे बढ़ने के लिए कहा," उन्होंने कहा।

"Qube की सफलता सुस्थिरता के प्रति इसकी वचनबद्धता को दर्शाती है और सबसे अधिक पेचीदा मूलभूत सुविधा संचालन कार्य में भी डिकॉर्बनाइजेशन (कार्बन मिटाने) की संभावनाएँ दर्शाती है," श्रीमान Learmonth ने कहा।

Moorebank Logistics Park गैर-सरकारी तौर पर विकसित परियोजनाओं के केवल कुछ चुनिंदा समूहों में से एक है जिसे उत्कृष्ठ डिज़ाइन रेटिंग मिली है।




## बुशफॉयर, तूफान और COVID-19

ऐसा कहना कम बयानी करने के समान होगा कि इस साल की पहली छमाही कई प्रकार से बहुत असाधारण रही है, जिनमें शामिल हैं : विनाशकारी बुशफॉयर और लंबे समय तक हमारे क्षेत्र में धुएँ के कोहरे का रहना, सदी में एक बार आने वाले तूफान से हुई बाढ़ और अब COVID-19 के स्वास्थ्य, सामाजिक व आर्थिक प्रभावों पर पढ़ने वाले दूरगामी प्रभाव।

Moorebank Logistics Park को डिलीवर करने हेतु काम करने वाली संपूर्ण परियोजना टीम उम्मीद करती है कि आप सुरक्षित व स्वस्थ हैं जबकि आपको हमारी परियोजना से सम्बन्धित यह अपडेट मिलता है।

कोरोनावायरस महामारी द्वारा उत्पन्न निरंतर चुनौतियों के बावजूद, परियोजना को डिलीवर करने और क्षेत्र में निरंतर निवेश और नौकरियों का निर्माण करने के लिए बढ़िया उपलब्धियों का हासिल किया जाना जारी है।

जब यह वर्तमान संकट समाप्त हो जाएगा, तो हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि निर्माण और संचालन कार्य में हमारी परियोजना Liverpool, Sydney, NSW और ऑस्ट्रेलिया को वापिस अपने पैरों पर खड़ा करने और संपन्न होने में अपनी भूमिका निभा सकती है।







## स्थानीय नौकरियों से सम्बन्धित अपडेट

कोरोनावायरस की जारी महामारी के दौरान NSW और ऑस्ट्रेलियाई, दोनों सरकारों द्वारा Qube की पहचान एक "अत्यावश्यक सेवा" प्रदाता के तौर पर की गई है जिसकी वर्तमान में रोज़गार और निवेश बनाए रखने तथा साथ ही Liverpool के लिए भविष्य के आर्थिक लाभों के लिए निर्माण खंडों की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

MLP परियोजना ने कई क्रियाविधियों की स्थापना की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्थल के लिए माल और सेवाएँ प्रदान करने हेतु स्थानीय व्यापारों और कांट्रेक्टरों के लिए जितने संभव हो सके, उतने अवसर उपलब्ध कराए जाएँ, जिनमें सभी मुख्य कांट्रेक्टरों के लिए उन प्रयासों को प्रदर्शित करना शामिल है।

ये परिणाम अत्यंत प्रसन्नताजनक रहे हैं। पिछले दो सालों के दौरान आयोजित लेखा-परीक्षणों ने नियमित रुप से यह पता लगाया है कि परियोजना में Qube और इसके कांट्रेक्टरों द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक $100 में से औसतन $20 स्थानीय क्षेत्र में खर्च किए गए हैं।

एक ऐसी परियोजना जिसके लिए इतनी विशेषज्ञ अधिप्राप्ति की ज़रुरत है जो कि स्थानीय तौर पर उपलब्ध नहीं है, हमें Liverpool, Campbelltown, Fairfield और Banks-town के स्थानीय सरकारी क्षेत्रों (LGA) पर केन्द्रित खर्च पर गर्व है।

**स्थानीय कम्पनियाँ जो परियोजना पर काम करने के लिए पहले से रजिस्टर करना चाहती हैं, वे Industry Capability Network के साथ www.icn.org.au पर ऐसा कर सकती हैं और होमपेज़ से "Moorebank" सर्च करें।**

रोज़गार की तलाश करने वाले कर्मचारियों के लिए सबसे बढ़िया यह रहेगा कि वे सीधे हमारे किराएदारों (Target और CaesarStone, तथा 2020 में आगे चलकर और किराएदार शामिल होंगे) और कांट्रेक्टरों (BMD, Georgiou, Hansen Yuncken, Quanstruct और Fulton Hogan) से संपर्क करें।

## Hibbertia fumana का संपन्न होना

MLP स्थल से hibbertia fumana का फैलाव Mount Annan बोटेनिक गार्डन पर जारी है ताकि प्लांट का भविष्य सुनिश्चित हो सके, जिसके बारे में निर्माण-कार्य शुरु होने से पहले इसके हमारे स्थल पर खोजे जाने से पहले यह माना जाता था कि यह विलुप्त हो चुका है।

जून 2018 में एक हज़ार से अधिक तने की कटाईयों और 34 रक्षित पौधों (hibbertia fu-mana और hibbertia puberula दोनों प्रकार के) को एकत्रित किया गया था और उन्हें प्लांट नर्सरी ले जाया गया था। कुल मिलाकर एकत्रित कटाईयों के स्ट्राइक रेट उम्मीद से अधिक थे और 12 महीने बाद नर्सरी में hibbertia fumana के लगभग 200 और Hibbertia puberula के लगभग 10 पौधे थे।

क्योंकि अब यह जनसंख्या स्थापित हो चुकी है, अब यह योजनाएँ लागू की गई हैं कि नए ट्यूबस्टॉक को निर्मित करने के लिए इसका प्रयोग कैसे किया जा सकता है जिसे कि Wattle Grove ऑफसेट क्षेत्र में दोबारा उगाया जा सकता है।

हाल ही के सप्ताहों में, Qube ने एक विस्तृत स्थानांतरण प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ को नियुक्त किया था ताकि Moorebank परिसर में hibbertias के जारी स्थानांतरण में मार्गदर्शन दिया जा सके।

योजना को ऑस्ट्रेलियन बोटेनिक गार्डन Mount Annan से मिले सहयोग और निदेशन से तैयार किया गया है, जिसे hibbertia प्रजातियों का स्थानांतरण करने में अनुभव प्राप्त है, ऐसा 2022 में इन्हें पुन: उगाने से पहले किया गया है – स्थल पर 1000 से अधिक hibbertia fumana पौधों को पुन:उगाए जाने की उम्मीदों के साथ।



# Woolworths ने Moorebank पर नए अत्याधुनिक वितरण केन्द्रों की योजनाओं की घोषणा की

जून के अंत में, Qube ने Woolworths Group के साथ 26-हेक्टेयर के विकास और गोदाम किराए अनुबंध की घोषणा की, जिसके फलस्वरुप ऑस्ट्रेलियाई रिटेलर अपने ऑस्ट्रेलियाई संचालन की स्थापना Moorebank Logistics Park पर करेगा।

Woolworths पर नए सुविधा केन्द्र – एक राष्ट्रीय वितरण केन्द्र (NDC) और एक क्षेत्रीय वितरण केन्द्र (RDC) – एक अत्याधुनिक सुविधा केन्द्र पर संचालनों को समायोजित करेंगे जहाँ विश्व में अग्रणी प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाएगा। NSW सरकार के नियोजन अनुमोदन के अधीन, NDC के 2023 में संचालन शुरु करने और RDC के 2024 में खुलने की उम्मीद है।

इन दो सुविधा-केन्द्रों के विकास से नए संचालनों की शुरुआत से पहले 1000 निर्माण-कार्य क्षेत्र में नौकरियाँ पैदा होंगी।

Moorebank के लिए योजनाओं की घोषणा करते हुए, Woolworths Group के मुख्य सप्लाई चेन अधिकारी Paul Graham ने कहा:

"Moorebank पर हमारे नए नियोजित वितरण केन्द्र हमारे द्वारा NSW के स्टोरों को सेवा प्रदान करने के तरीके को बदलेंगे, हमारे नेटवर्क को मज़बूत बनाएँगे और नई स्थानीय नौकरियों का निर्माण करेंगे – निर्माण कार्य के दौरान लगभग 1000 और निरंतर आधार पर लगभग 650।

"हमारे द्वारा प्रयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकी अधिक शीघ्र पुन:स्टॉकिंग करने, स्टोरों में भीड़भाड़ को कम करने, और कम मैनुअल हैंडलिंग के साथ हमारी टीमों के लिए अधिक सुरक्षित कार्य परिवेश प्रदान करने के साथ ऑन-शेल्फ उत्पाद उपब्धतता को सुधारने में हमारी मदद करेगी।

"नए सुविधा-केन्द्र हमारे स्थानीय तौर पर केन्द्रित प्रयासों की प्रगति करने में भी मदद देंगे, हमारे मौजूदा सुविधा-केन्द्रों में हम जितने उत्पाद रख सकते हैं उसके कहीं हज़ार अधिक केन्द्रीय तौर पर रखने की क्षमता के साथ।"

Qube के महाप्रबंधक Maurice James ने Moorebank पर Woolworths का स्वागत किया। "हमें खुशी है कि Woolworths ने Moorebank Logistics Park पर किराएदारों को उपलब्ध महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक लाभों की पहचान की है," उन्होंने कहा।

"हमारी परियोजना टीम Woolworths के संचालनों के लिए सर्वोतम उपाय प्रदान करने हेतु उनकी टीम के साथ काम करने के लिए तत्पर है। Woolworths की दीर्घावधि की प्रतिबद्धता राष्ट्रीय तौर पर महत्वपूर्ण इस मूलभूत सुविधा और माल परियोजना के वाणिज्यिक आकर्षण पर दोबारा ज़ोर देगी।



# सलाह-मशविरे के लिए खुला

हम समुदाय से हमारी परियोजना के दो पहलुओं पर फीडबैक मांग रहे हैं जिनके लिए नियोजन और अनुमति की ज़रुरत है।

Moorebank Avenue के पुन:संरेखण से – जिसपर Qube, केन्द्र सरकार और Transport for NSW मिलकर काम कर रहे हैं – Anzac Road और East Hills रेल लाइन के बीच पूर्व में सड़क को मोड़ा जाएगा।

एक मुख्य लाभ यह होगा कि Moorebank Lo-gistics Park पर आने वाले यातायात (Moorebank Ave के वर्तमान संरेखण के साथ-साथ) को Moorebank और Glenfield के बीच यात्रा करने वाले यातायात से अलग कर दिया जाएगा।

Moorebank Avenue पर M5 south से उल्टी दिशा में यात्रा करने वाले सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए, इसका यह अर्थ होगा कि Anzac Road और सैना के Joint Logistics Unit (संयुक्त रसद इकाई) से गुजरने के बाद, सड़क बाईं ओर मुड़ेगी और हमारी परियोजना के Target गोदाम तक जारी रहेगी, और इसके बाद दक्षिण दिशा में आगे बढ़ने के लिए दाईं ओर एक मोड़ आएगा, जो मौजूदा सड़क के साथ-साथ होगा। हमारे स्थल के अंत में, सड़क दाईं ओर मुड़कर वर्तमान सड़क से मिलेगी और फिर मौजूदा रेल पुल को पार करेगी।

हम Moorebank Precinct West से सम्बन्धित स्टेज 3 की राज्कीय तौर पर महत्वपूर्ण विकास आवेदन पर फीडबैक प्राप्त भी कर रहे हैं, और स्थायी सड़कों व निर्धारित क्षेत्रों का निर्माण कर रहे हैं तथा भूमि को उपखंडों में विभाजित करने पर काम कर रहे हैं, जैसा कि Moorebank Precinct East में पहले ही हो चुका है।

हमारी परियोजना के भाग अब नियोजन, निर्माण और संचालन कार्यों में हैं। हम **www.simta.com.au** पर और इस नियमित तौर पर जारी की जाने वाली समाचार-पत्रिका तथा हमारे कार्यस्थलों के करीब स्थित घरों पर डिलीवर की जाने वाली परियोजना अधिसूचनाओं के माध्यम से समुदाय को सभी गतिविधियों से अवगत रखने के लिए वचनबद्ध हैं।